



Carpenter's monthly newspaper

# कारपेंटर्स न्यूज़

www.carpentersnews.com

R.N.I.No.MAHHIN/2005/16460 | Postel Regd. No. MCW/321/2025-27
Posted at Delisle Road, Mumbai-400013. On 20th of Every month | Published on Every 10 th day of the month

मासिक समाचार पत्र

मुंबई | अगस्त 2025 | वर्ष : 20 | अंक : 09 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 2 रुपए



जीवन में लकड़ी का महत्व हमेशा बरकरार .... पेज - 2




# कारपेंटरों के लिए बनाएंगे कॉरपोरेशन, बोले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव

कारपेंटर्स न्यूज @ पटना। राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा है कि बढ़ई समाज के लिए 20 साल में बीजेपी की नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने कुछ नहीं किया। तीन माह बाद हमारी महागठबंधन की सरकार बनने जा रही है। सरकार में आते ही तीन माह के अंदर केरल की तर्ज पर बढ़ई समाज की बेहतरी के लिए कॉरपोरेशन का गठन करेंगे। इससे समाज का बेहतर आर्थिक विकास हो सकेगा।

श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में अखिल भारतीय बढ़ई महासभा की तरफ से आयोजित बढ़ई न्याय अधिकार महासम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आरा मशीन संचालन के लिए बढ़ई समाज को 50 फीसदी आरक्षण दिया जायेगा। विभिन्न प्रकार के उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय मदद मुहैया करायेंगे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग मेरे साथ चार कदम चलेंगे, तो मैं आपके साथ सोलह कदम चलूंगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनने पर बढ़ई समाज को



पूरी सहभागिता और प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। समाज के नेता मदन शर्मा को हम लोगों ने आयोग में जगह दी थी। हम सभी समाज को साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने बढ़ई समाज से आग्रह किया कि आप लोग मुझे पांच साल ही नहीं ,बल्कि केवल 20 माह का मौका दीजिए, हम बिहार का विकास करके दिखायेंगे। हम नया बिहार बनाना चाहते हैं। इस अवसर पर अखिल भारतीय बढ़ई महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मदन शर्मा ,गौतम सागर राणा आदि सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## श्रम विभाग के कार्यालयों में मनाया जायेगा विश्वकर्मा पूजा

**मुंबई।** राज्य के श्रम विभाग के तहत आने वाले सभी कार्यालयों में विश्वकर्मा महापूजा महोत्सव मनाया जायेगा। यह निर्देश कामगार मंत्री एड. आकाश फुंडकर ने दिया है। श्रम विभाग ने सभी कार्यालयों को एक सर्कुलर जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि सभी कार्यालय 17 सितंबर को भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा लगाएं और उनकी श्रद्धा पूर्वक पूजा कर



उत्सव मनाएं। अगर इस दिन सार्वजनिक अवकाश हो तो अगले दिन कार्य दिवस पर अनिवार्य रूप से पूजा मनाएं। बता दें कि भगवान विश्वकर्मा को शिल्पकार और वास्तु के अधिष्ठाता देवता के रूप में पूजा जाता है। औद्योगिक और निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले श्रमिकों, इंजीनियरों और कारीगरों में विश्वकर्मा पूजा का विशेष महत्व है।

## जीवन में लकड़ी का महत्व हमेशा बरकरार

**बक्सर।** डीएम विद्यानंद सिंह ने कहा कि लकड़ी का महत्व जीवन के प्रथम यात्रा से लेकर अंतिम यात्रा तक है। इसलिए हम सभी को अपने लिए नहीं आने वाले पीढ़ियों के लिए पौधे जरूर लगाना चाहिए।

चुरामनपुर स्थित जे पी खेल मैदान में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से आयोजित जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि जहां तक हम सभी देखे तो जितना वन के साथ दोहन किया गया है, इसे सही नहीं कहा जा सकता है। जीता जागता उदाहरण है कि इस वर्ष गर्मी इतना पड़ गई कि ऐसी, कुलर भी काम करना बंद



कर दिया था। हम सभी जितना ही प्रकृति के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं उतना ही हम सभी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

एसपी शुभम आर्य ने कहा कि हम सभी के जीवन में वन की भूमिका अहम है। वर्तमान स्थिति में जो जलवायु परिवर्तन हो रहा है उसका निवारण हम सभी को मिलकर सोचना होगा। इसका एक ही उपाय है, हम सभी को कम से कम प्रत्येक वर्ष एक पौधा लगाना चाहिए और उसका देखभाल भी करना चाहिए। डीएफओ प्रदुमन कुमार ने कहा कि बिहार की भूमि 88 प्रतिशत कृषि क्षेत्र की है। वन विभाग के द्वारा प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में पौधा लगाया जाता है। कोई पेड़ अपने लिए नहीं जीता है बल्कि दूसरे के लिए जीता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।



# कारपेंटर्स न्यूज़

RNI NO. MAHHIN/2005/16460



संपर्क करें : Mo. 9320566633 / 7588951633 | Email: carpentersnews@gmail.com


पेड़ों के तने पर पाई जाने वाली रिंग की संख्या के आधार पर पेड़ की उम्र का पता लगाया जा सकता है। इस तकनीक को डेंड्रोक्रोनोलॉजी कहा जाता है। पेड़ के तने में हर साल एक रिंग बनती है, जिसे ग्रोथ रिंग कहा जाता है। इन रिंग्स की संख्या गिनकर पेड़ की उम्र का अनुमान लगाया जा सकता है। इन रिंग्स की मोटाई के आधार पर वैज्ञानिक पेड़ के जीवनकाल के दौरान जलवायु और पर्यावरणीय परिस्थितियों के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।


मुंबई | अगस्त 2025 | वर्ष : 20 | अंक : 09 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 2 रुपए


# एफएफएससी ने मनाया 10वां स्थापना दिवस

## FFSC का स्किलिंग अभियान अब एक राष्ट्रीय आंदोलन में बना

कारपेंटर्स न्यूज़ @ नई दिल्ली। फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल काउंसिल (FFSC) का 10वां स्थापना दिवस वेलकम होटल में मनाया गया। इस अवसर पर फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल काउंसिल के सीईओ राहुल मेहता ने बीते सफर को साझा करते हुए कहा कि इस साल FFSC की स्किल अकैडमीज का प्रदर्शन एक बड़ी उपलब्धि रही। 2 से 3 महीने की शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग के बाद 100 से अधिक विद्यार्थियों को ₹15,000 से ₹30,000 मासिक वेतन वाली नौकरियां मिलीं। यह इस मॉडल की वास्तविक और तुरंत दिखने वाली प्रभावशीलता का प्रमाण है। उन्होंने आगे की दिशा तय करते हुए कहा कि अब हमारा फोकस एक सतत स्किलिंग संस्कृति का निर्माण, ट्रेनिंग की गुणवत्ता में सुधार और व्यापक रोजगार प्रदान करना होगा।




फाउंडेशन डे कार्यक्रम की शुरूआत 10वीं वार्षिक साधारण सभा से हुई। एजीएम में स्वाति इंटीरियर के मैनेजिंग डायरेक्टर नंदकिशोर मिस्त्री को FFSC का नया चेयरपर्सन चुना गया। स्किल डेवलपमेंट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और उद्योग में उनकी गहरी समझ, FFSC को और मजबूती देगी। उनके साथ केपल इंडस्ट्रियल सोलूशन्स के सत्यान ठुकराल को को-चेयरपर्सन और Bracecorp Technologies के दीपक गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसके साथ ही नए रीजनल स्किल चैप्टर अध्यक्ष भी नियुक्त किए गए। FFSC ने जोधपुर में एक नया रीजनल स्किल चैप्टर भी शुरू किया, जिसकी बागडोर Latiyal Handicrafts के चेयरमैन राधेश्याम रंगा को सौंपी गई, यह क्षेत्र फर्नीचर निर्माण का एक प्रमुख केंद्र है।

फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल काउंसिल की 10 वर्ष पूर्व की शुरूआत केवल प्रशिक्षण देने के लिए नहीं, बल्कि एक बदलाव लाने के लिए हुई थी। इस संस्थान ने सिर्फ प्रमाण पत्र देने के लिए नहीं, बल्कि कौशल का सम्मान करने और एक ऐसा उद्योग बनाने के लिए जो कारीगरों, निर्माताओं, मार्गदर्शकों और सपने देखने वालों की ताकत से आगे बढ़े। संभावनाओं से भरे भविष्य की ओर का यह सफर जो एक मिशन के रूप में शुरू हुआ था, वह अब एक आंदोलन बन चुका है। 6 लाख से अधिक कुशल हाथ, 1800 से अधिक स्किल एंबेसडर, 16 रीजनल चैप्टर, 30 से अधिक स्किल अकैडमी और एक साझा विश्वास हर कुशल व्यक्ति एक बेहतर कल बना सकता है।

फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल काउंसिल ने अपने 10वें फाउंडेशन डे को एक ऐतिहासिक क्षण के रूप में मनाया। इस अवसर पर देश भर से 250 से अधिक स्टेकहोल्डर शामिल हुए, जो फर्नीचर, इंटीरियर और संबंधित क्षेत्रों से थे। यह कार्यक्रम एक दशक के बदलाव का उत्सव तो था ही, साथ ही आगे की रणनीति तय करने का एक मंच भी बना। वन नेशन वन इंडस्ट्री, पावर्ड बाय स्किल्स इस वर्ष की थीम रही।

फर्नीचर एंड फिटिंग्स स्किल काउंसिल के 10वें फाउंडेशन डे के अवसर पर शिव प्रकाश अलुरी (हैदराबाद), धनेश भाटिया (मुंबई), श्रीकांत शासी, गोपाल द्विवेदी रुचिका चुगानी, सत्यान ठुकराल, राजेश नायर, डॉ. महेश एम, मीनाक्षी टलसेरा, नीती माकर, भरत पाठक आदि अपने विचार रखे।











हमारा उद्देश्य एक सतत स्किलिंग संस्कृति का निर्माण, ट्रेनिंग की गुणवत्ता में सुधार और व्यापक रोजगार प्रदान करना है।
– राहुल मेहता, सीईओ, FFSC



हम केवल स्किल्स नहीं बना रहे, हम एक भविष्य गढ़ रहे हैं। यह हमारा काउंसिल है, हमारा सेक्टर है, हमारा मिशन है और हमारा समय है। आइए, हम सब मिलकर इसे सफल बनाएं।
– नंदकिशोर मिस्त्री, चेयरपर्सन, FFSC

# सनातन धर्म का न आदि है ना अंत – स्वामी हरि चैतन्य पुरी

मुंबई। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी हरि चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे हिंदुत्व व सनातन संस्कृति के सदैव पक्षधर रहे और उसके लिए जीवन पर्यन्त समर्पित रहे। मुझे खुशी है कि उनके परिवार ने उसे आगे बढ़ाया है व हमेशा समर्पित भाव से हिंदुत्व व सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए कार्यरत रहेंगे। चेंबूर (पश्चिम) तिलक नगर स्थित लोक प्रभा सोसायटी में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का आदि है ना अंत, इसलिए इसे सत्य सनातन धर्म कहते हैं। हम सभी का सम्मान करते हैं लेकिन जिसके बनने या बिगड़ने की तारीख पता ना हो जो सृष्टि के आरंभ से पहले व प्रलय के बाद भी रहेगा वही सनातन है।



सनातन धर्म हमारे वैज्ञानिक ऋषियों की महान देन है। सनातन संस्कृति ढकोसला नहीं विज्ञान सम्मत है जिसे विज्ञान की कसौटी पर खरा परखा जा सकता है, यदि यह कह दें कि सभी का प्रादुर्भाव सनातन से ही हुआ है तो यह अतिशयोक्ति नहीं होगी। वर्तमान में सनातन के लिए स्वर्णिम काल है। प्रसन्नता होती है जब लोगों में सनातन के लिए पुनः आकर्षण पैदा होते हुए देखते हैं। उन्होंने कहा कि अधर्मांचरण करने वाले कुमार्गगामी लोगों का संग त्याग कर, जितेंद्रिय, श्रेष्ठ महापुरुषों का संग व उनकी सेवा करके अपने जीवन को कल्याणमय बनाएं। क्योंकि सत्पुरुषों का आचरण व कार्य सदैव अनुकरणीय होता है। उन्होंने कहा कि सत्संग का प्रकाश हमारे अंतर्मन को प्रकाशित करता है और हमें भी उस ज्ञान रूपी प्रकाश को अपने अंतर्मन में धारण कर परमपिता परमेश्वर को पाने का प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने महाराज जी का स्वागत करते हुए उन्हें राष्ट्र का गौरव बताते हुए कहा कि पूरे विश्व में महाराज जी ने हिंदुत्व व सनातन संस्कृति के प्रचार प्रसार में जो योगदान दिया है वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। अपने धारा प्रवाह प्रवचनों से उन्होंने सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया। सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा व श्री गुरु महाराज, कामां के कन्हैया व लाठी वाले भैया की जय जयकार से गूंज उठा।

## जायका इंडिया का

### गुजराती खट्टा मूंग



**सामग्री –** छिलके वाली साबुत मूंग दाल 1 कप, टमाटर का पेस्ट- 3/4 कप, अदरक का टुकड़ा 1, हरी मिर्च 1, तेल-1 बड़ा चम्मच, जीरा- 1 छोटा चम्मच, दालचीनी 1, साबुत सूखी लाल मिर्च 1, लौंग 4, कढ़ी पत्ते 8-10, हल्दी पाउडर-1/2 छोटा चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1 छोटा चम्मच, धनिया पाउडर- 1 छोटा चम्मच, भुना जीरा पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच, अमचूर पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच, नमक-स्वादानुसार, दही- 1/2 कप, कटा हरा धनिया- 1/4 कप।

**विधि –** मूंग दाल को 4-6 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखें और फिर निथार लें। दाल को आधे कप पानी और चुटकी भर नमक के साथ कुकर में धीमी आंच पर दो सीटी आने तक पका लें। अदरक और हरी मिर्च को सिलबट्टे या ओखल-मूसल में पीस लें। कड़ाही में तेल गर्म करके जीरा, दालचीनी, लौंग, साबुत लाल मिर्च और कढ़ी पत्ते तड़काएं। आंच धीमी करके इसमें अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट भूनें। फिर टमाटर पेस्ट भूनें। जब मसाला तेल छोड़ दे तो उसमें मूंग दाल मिलाएं। सारे पिसे मसाले (जीरा पाउडर छोड़कर) मिलाएं। दही में नमक मिलाकर कड़ाही में डालें और अच्छी तरह से मिलाएं। डेढ़ कप पानी डालकर उबाल आने तक पकाएं, बीच-बीच में चलाते रहें। जब दाल गाढ़ी हो जाए तो उसमें जीरा पाउडर और अमचूर पाउडर मिलाएं। तैयार दाल को हरे धनिए से सजाएं और रोटी के साथ खाएं।

### आटा चीज पालक कबाब



**सामग्री –** 100 ग्राम मल्टी ग्रेन आटा, चुटकी भर हींग, 1 छोटा चम्मच आमचूर पाउडर, कुछ धनिया पत्ती, नमक, लाल मिर्च पाउडर, स्वादानुसार चीनी, 1 छोटा चम्मच जीरा पाउडर, तलने के लिए कोई भी तेल, 5 उबले मैश किए आलू, 2 बड़े चम्मच तिल, 75 ग्राम चीज, 100 ग्राम पालक कद्दूकस किया हुआ, करमश ब्रेड

**विधि –** एक पैन में तेल गरम कर जीरा, हींग डाल तड़का लें। आलू, मल्टी ग्रेन आटा पालक डाल पका लें। बाद में मसाले, चीज और बाकी सारी सामग्री डाल अच्छी तरह पका लें। मसाला तैयार होने पर मनचाहे आकार में कटलेट को ब्रेड और तिल में लपेट कर कुछ समय सुखा लें। तवे पर तेल डालकर कटलेट सुनहरे होने तक पका लें। मल्टी ग्रेन आटा चीज पालक के कबाब पर चीज डाल टमाटर सॉस, धनिया की चटनी के साथ गरमा-गरम खिलाएं।

### सहजन के पत्तों का चीला



**सामग्री–** 2 कप चने का आटा / बेसन, 2 कप पानी, 2 कप कद्दूकस की हुई सब्जियां (गाजर, लौकी व अन्य), 2 मुट्ठी सहजन के पत्ते, 1 छोटा चम्मच हरी मिर्च का पेस्ट, 1/2 छोटा चम्मच कद्दूकस अदरक, 1/2 छोटा चम्मच काला नमक, 1/4 छोटी चम्मच अजवाइन, 1/4 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 2 बड़े चम्मच तेल, नमक

**विधि –** एक कटोरा लें और उसमें पानी को छोड़कर सभी सामग्री बेसन, कद्दूकस की हुई सब्जियां, सहजन के पत्ते, हरी मिर्च का पेस्ट, बारीक कटा हुआ अदरक, अजवाइन, नमक, काला नमक, हल्दी पाउडर मिलाएं, फिर इसमें पानी डालकर घोल तैयार करें। मिश्रण गाढ़ा होना चाहिए, ताकि चीले कुरकुरे बने। अब कुरकुर तवे पर मिश्रण को डालकर फैला लें। इसे 2 मिनट तक पकने दें और दूसरी तरफ भी मध्यम आंच पर पकाएं। सहजन का चीला को चटनी के साथ परोसें।

## सेहत

### आयरन का बेहतर स्रोत है करौंदा



करौंदा पोषक तत्वों से भरपूर एक मेडिसिनल फल है। इसमें विटामिन C, आयरन, फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट्स और कई माइक्रोन्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं, जो शरीर को अंदर से मजबूत बनाते हैं। करौंदा में मौजूद डाइटरी फाइबर पाचन में मदद करता है और कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। करौदा में एंटीबैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण होते हैं, जो घाव जल्दी भरने में मदद करते हैं। करौंदा में भरपूर मात्रा में आयरन होता है, जो शरीर में हीमोग्लोबिन की मात्रा बढ़ाता है। करौंदा में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और पोटेशियम हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करते हैं और कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। यह त्वचा से टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है और नैचुरल ग्लो लाता है। करौंदा विटामिन उ से भरपूर है। यह शरीर में सफेद खत कोशिकाओं की संख्या बढ़ाता है, जो इंफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं। करौंदा का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है और यह धीरे-धीरे शुगर रिलीज करता है।

### उड़द दाल स्वाद ही नहीं पौष्टिक गुणों से भी भरपूर



रसोई घर में दालों का विशेष स्थान है, ऐसे में चने, मूंग, अरहर के साथ ही काली उड़द दाल का भी खासा स्थान है। काली उड़द की दाल न केवल अपने स्वाद के लिए बल्कि पौष्टिक गुणों के लिए भी लोकप्रिय है। काले छिलके वाली यह दाल प्रोटीन, काबोर्हाइड्रेट, विटामिन बी 6, आयरन, फोलिक एसिड कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे पोषक तत्वों का खजाना है। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के अनुसार काली उड़द की दाल स्वास्थ्य, बेहतर पाचन और दैनिक ऊर्जा के लिए काबोर्हाइड्रेट, विटामिन बी-6, आयरन, कैल्शियम, पोटेशियम जैसे पोषक तत्व जोड़ों के दर्द, लिवर की सूजन, अल्सर, बुखार जैसी समस्याओं में लाभकारी एक शक्तिशाली आहार है। काली उड़द की अपने खाने की थाली में शामिल करने से कई फायदे मिलते हैं। काली उड़द में मौजूद मैग्नीशियम और पोटेशियम हृदय स्वास्थ्य को सही तो ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करते हैं। यह नर्वस सिस्टम को मजबूत कर तनाव और चिंता को कम करने में भी मदद करती है। फाइबर से भरपूर यह दाल पाचन तंत्र को दुरुस्त रखती है और कब्ज की समस्या से राहत दिलाती है। यह चयापचय को बढ़ाकर ऊर्जा स्तर को बनाए रखती है। आयुर्वेद में काली उड़द की दाल को कई फायदों को देने वाली दाल के रूप में जाना जाता है। इसकी ठंडी तासीर के कारण यह सिरदर्द, नकसीर, जोड़ों के दर्द, लिवर की सूजन, अल्सर, बुखार जैसी समस्याओं में लाभकारी है। यह सूजन को कम करती है और प्रजनन स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। यही नहीं, यह शरीर से अतिरिक्त पानी और विषाक्त पदार्थों को निकालने में मदद करती है, जिससे किडनी बेहतर तरीके से काम करती है। कैल्शियम और प्रोटीन से युक्त काली उड़द की दाल हड्डियों और मांसपेशियों को भी मजबूत करती है। काली उड़द दाल अत्यंत लाभकारी है। यह न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि सेहत का खजाना भी है। यह हृदय, पाचन, हड्डियों और तंत्रिका तंत्र को मजबूत करती है और कई बीमारियों में औषधि की तरह काम करती है। हालांकि, इसका सेवन संयमित और अपनी शारीरिक स्थिति के अनुसार करना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट कुछ सावधानियां बरतने की भी सलाह देते हैं।


NIKHIL
ADHESIVES LTD.
Mahacol®
SINCE 1971
आइए सजाएँ, बाँधें हर हिस्सा
Mahacol की मजबूती से गणेशोत्सव रहे ख़ास!
PV STICK
SUPER HEATFIT
N3
MICA SPECIAL
JALVEER
MAHAQUICK
MP
German Technology


HARRISON®
Glorious 75 Years
कारपेंटर भाइयों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
कारपेंटर भाईयों के लिए
आकर्षक उपहार
आज ही
रजिस्टर करें
और पाएं
अनेको
उपहार
नॉट:- ऊपर दर्शायी गई फोटो सिर्फ उपहार को दर्शाने हेतु है मिलने वाला उपहार इनमे से भिन्न हो सकता है : रंग मॉडल इत्यादि।
टोल फ्री नम्बर : 1-800-572-5795
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
www.harrisonlocks.com | email : Info@harrisonlocks.com
9599281937

HARRISON®
Glorious 75+ Years

घर घर हरीसन
अब हर घर में हरीसन



# हुनर का उत्सव, सम्मान का मंच - जहां कारीगरों को मिलते हैं अवॉर्ड्स, रिवॉर्ड्स और हरीसन का भरोसेमंद साथ।



**हरीसन कारपेंटर्स महासम्मेलन:** हुनर का उत्सव, सम्मान का मंच हरीसन द्वारा आयोजित **"कारपेंटर्स महासम्मेलन"** केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक प्रेरणादायक पहल है जो देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले कारीगरों को समर्पित है। यह सम्मेलन उन हाथों का सम्मान करता है जो हर घर, हर दरवाज़े और हर सपने को आकार देते हैं। इस महासम्मेलन का उद्देश्य केवल मिलना-जुलना नहीं है, बल्कि हुनर को मंच देना है। कार्यक्रम में देशभर से चुने गए उत्कृष्ट कारपेंटर्स को **अवॉर्ड्स, रिवॉर्ड्स** के माध्यम से सराहा जाता है उनके समर्पण, गुणवत्ता और नवाचार को पहचान दी जाती है। इससे न केवल उनके आत्मविश्वास को बल मिलता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणा बनती है। कार्यक्रम के दौरान कारीगरों के लिए विशेष सेशन, डेमोंस्ट्रेशन, तकनीकी वर्कशॉप्स और नेटवर्किंग का मौका भी मिलता है, जिससे वे नए उत्पादों और टूल्स से परिचित होते हैं। साथ ही हरीसन के साथ उनके रिश्ते को और भी मज़बूत किया जाता है। **"हुनर का उत्सव, सम्मान का मंच" यही है हरीसन कारपेंटर्स महासम्मेलन की पहचान, जो हर कारीगर के चेहरे पर मुस्कान और दिल में गर्व भर देता है।**



# हरीसन प्रोडक्ट पॉइंट अर्जित करने का तरीका किया और भी आसान मात्र क्यू आर कॉड को स्कैन करने पर पाए उपहार

**हरीसन का नया QR स्कैनिंग फीचर – कारपेंटर्स के लिए आसान इनाम!**

देश के भरोसेमंद ब्रांड हरीसन ने कारपेंटर्स के लिए QR स्कैनिंग फीचर लॉन्च किया है, जिससे उपहार जीतना अब और भी आसान हो गया है।

कारपेंटर्स को हरीसन प्रोडक्ट की पैकिंग में दिए गए QR कोड को स्कैन करना है, और उनके रजिस्टर्ड प्रोफाइल पर पॉइंट्स अपने आप जुड़ जाएंगे। अब प्रोडक्ट की कट्टिंग संभालने की जरूरत नहीं, बस स्कैन करें और इनाम पाएं।

यह पहल कारपेंटर्स की सहूलियत और प्रोत्साहन के लिए की गई है। हरीसन हमेशा अपने कारीगरों के साथ खड़ा है!

**उपहार जीतने की प्रक्रिया**

- स्टेप 1: मोबाइल मे हरीसन सुविधा एप्लीकेशन डाउनलोड करे, और अपनी ID बनाकर लॉगिन करे।
- स्टेप 2: प्रोडक्ट पैक के अंदर लगे QR CODE को सुविधा एप्लीकेशन मे स्कैन करे और MRP के बराबर पॉइंट इकट्ठा करे।
- स्टेप 3: दिये गये 7 उपहार के आधार पर अपने पॉइंट REDEEM करे, और उपहार जीते

Suvidha
iSoftCare Technology

प्ले स्टोर पर (HARRISON SUVIDHA APP) सर्च कर के हरीसन लोगो एप्लीकेशन अपने फ़ोन मे इनस्टॉल करे।



# राजनैतिक दलों ने विश्वकर्मा समाज को सिर्फ वोट बैंक समझा

## गांधी मैदान में विश्वकर्मा राजनीतिक अधिकार महारैली



**कारपेंटर्स न्यूज @ पटना।** राजनीतिक भागीदारी अब हमारी जरूरत बन चुकी है। अब समय आ गया है कि हमें सत्ता में सम्मानजनक भागीदारी मिले। बिहार की सभी बड़ी पार्टियों ने वर्षों से हमें केवल वोट बैंक समझा है। लेकिन, सत्ता में प्रतिनिधित्व देने से हमेशा कतराती रही हैं। यदि आने वाले विधानसभा चुनाव में हमारी भागीदारी सुनिश्चित नहीं की गई तो महासंघ वैकल्पिक रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होगा।

भारतीय विश्वकर्मा महासंघ की ओर से गांधी मैदान में आयोजित विश्वकर्मा राजनीतिक अधिकार महारैली को संबोधित करते हुए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकुल आनंद विश्वकर्मा ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने आगे कहा कि बारिश जैसी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद गांधी मैदान में उमड़ी भीड़ इस बात का प्रमाण है कि समाज अब जाग चुका है। यदि आगे भी आप ऐसे ही एकजुट रहें तो हमें राजनीतिक हिस्सेदारी मिलने से कोई रोक नहीं सकता। पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के पौत्र इंद्रजीत सिंह बब्बू ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से लेकर राष्ट्र निर्माण तक विश्वकर्मा समाज का योगदान ऐतिहासिक रहा है। लेकिन हमें आज भी नजरअंदाज किया जा रहा है। अब यह अन्याय नहीं चलने वाला है। यूपी के पूर्व शिक्षा मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीतिक हिस्सेदारी कोई एहसान नहीं, यह हमारा हक है। समाज की उपेक्षा अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

हरियाणा से तेलू राम जांगड़ा, राजस्थान से मुकेश जांगिड़, केरल से रितीश विश्वकर्मा, गोवा से मुकेश पांचाल, पश्चिम बंगाल से शैलेश विश्वकर्मा, दिल्ली से आत्मा राम पांचाल, कमलेश सिंह, संदीप विश्वकर्मा, डॉ. संजीव पोद्दार, नवीन शर्मा, राकेश शर्मा, सोनू विश्वकर्मा, जुगनू विश्वकर्मा जैसे दिग्गज नेताओं ने भी एक सुर में सत्ता में भागीदारी की जोरदार मांग उठाई।

इस रैली में पंजाब, केरल, उत्तर प्रदेश, गोवा के साथ ही देश के कोने-कोने से आए समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने मंच से अपनी एकजुटता का परिचय दिया। खासकर महिलाओं की प्रभावशाली भागीदारी रही। सुजाता शर्मा, सुनीता सोनी, मीना शर्मा, पूनम मनी शर्मा आदि महिला नेताओं ने समाज की एकता, अधिकार और सम्मान की बात को मंच के माध्यम से उठाया। इस कार्यक्रम का संचालन भारतीय विश्वकर्मा महासंघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता दिवाकर शर्मा ने किया। गांधी मैदान ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बना। जब देशभर से आए विश्वकर्मा समाज के प्रतिनिधियों ने राजनीतिक अधिकारों की मांग को लेकर शक्ति प्रदर्शन किया।

# मशीन निर्मित उत्पादों से हस्तशिल्प कारीगरों पर छाया संकट

**श्रीनगर। हस्तशिल्प एवं हथकरघा विभाग ने कश्मीरी हस्तशिल्प विक्रेताओं को सभी मशीन निर्मित उत्पाद हटाने या ब्लैकलिस्टिंग और पंजीकरण रद्द करने के लिए अल्टीमेटम दिया है। यह कदम पिछले हफ्ते एक ग्राहक को मशीन-निर्मित कालीन को हस्तनिर्मित कश्मीरी कालीन बताकर बेचे जाने के बाद उठाया गया है।**



कई बेईमान हस्तशिल्प विक्रेता बड़े पैमाने पर तुर्की और ईरान से मशीन-निर्मित कालीन आयात करते रहे हैं और उन्हें स्थानीय हस्तनिर्मित कालीन बताकर बेचते रहे हैं। अब सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए नियमों का पालन नहीं करने वाले शोरूमों को कानून की संबंधित धाराओं के तहत अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए ब्लैकलिस्टिंग और पंजीकरण रद्द करने की धमकी दी है। विभाग द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि जम्मू और कश्मीर पर्यटक व्यापार अधिनियम, 1978 के अंतर्गत शोरूम और आउटलेट में कश्मीर हस्तशिल्प उत्पादों की बिक्री के लिए पंजीकरण प्रदान किया गया है। पंजीकरण प्रक्रिया के हिस्से के रूप में हस्तशिल्प विक्रेताओं ने एक शपथ पत्र प्रस्तुत किया था, जिसमें अपने व्यापारिक प्रतिष्ठान में केवल वास्तविक कश्मीर हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शित करने और बेचने का वचन दिया था। नोटिस में नियमों के उल्लंघन अनुभाग के तहत कहा गया है कि हाल की जांचों में पाया गया कि कई विक्रेताओं ने मशीन निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित और बेचकर मौजूदा नियमों का उल्लंघन किया है, जिन्हें वास्तविक कश्मीर हस्तशिल्प के रूप में गलत तरीके से प्रस्तुत किया गया। यह कश्मीर हस्तशिल्प की प्रामाणिकता और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाती हैं। हस्तशिल्प विभाग ने तलाशी ली और निरीक्षण के दौरान पाया कि कई डीलरों ने मशीन-निर्मित उत्पादों को असली कश्मीरी हस्तशिल्प के रूप में प्रदर्शित और बेचकर नियमों का उल्लंघन किया है, जिससे कश्मीरी हस्तशिल्प की प्रामाणिकता और प्रतिष्ठा को ठेस पहुंच रही है। हस्तशिल्प एवं हथकरघा विभाग, कश्मीर के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि इन उल्लंघनों के परिणामस्वरूप इस कार्यालय ने जम्मू-कश्मीर पर्यटन व्यापार पंजीकरण अधिनियम, 1978 के प्रावधानों के अनुसार दोषी डीलरों पर जुमार्ना लगाया है। गलत ब्रांडिंग को रोकने और असली उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए विभाग ने पीटीक्यूसीसी, आईआईसीटी और गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाओं में विभिन्न शिल्पों के लिए जी.आई. आधारित क्यूआर लेबलिंग शुरू की है।




**यूरोपा लॉक्स कंपनी की ओर से मुंबई के भुलेश्वर स्थित पंजारापोल में कारपेंटर मीटिंग का आयोजन किया गया। श्रीनाथ ट्रेडर्स के संयोजन में आयोजित कारपेंटर मीटिंग में श्रीनाथ ट्रेडर्स के गोविंद अग्रवाल ने कारपेंटरों को सम्मानित किया।**

# आग लगने से लाखों का सामान जला

**चौमूं।** कालाडेरा के रीको औद्योगिक क्षेत्र में स्थित उमंग प्लाईवुड फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। फैक्ट्री से उठती आग की लपटें और धुआं दूर तक नजर आया जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने आग की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी, जिसके बाद चौमूं से फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग इतनी भीषण थी कि उसे नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।

# विश्वकर्मा लाइब्रेरी का तेरशा में चेतना शिविर



**जम्मू।** श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी न्यू प्लाट जम्मू की एक टीम ने जनसंपर्क अभियान अंतर्गत तेरशा गांव में जन चेतना शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में शामिल विद्यार्थियों को कॉपियां, भगवान विश्वकर्मा के कैलेंडर और विश्वकर्मा रिपोर्टर मैगजीन भेंट कर अच्छी शिक्षा प्राप्त कर बड़े पदों पर पहुंचने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर बलवंत कटारिया ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा से ही सर्वांगीण विकास संभव है। आगे वही बढ़ता है जो पढ़ता है और लड़ता है।

इस अवसर पर तन्नु वर्मा, राधिका कटारिया, प्रिया वर्मा, राजन कटारिया व मानसी कटारिया को डिस्टिंक्शन प्राप्त करने के लिए और एक राष्ट्रीय कुश्ती खिलाड़ी मोहित वर्मा को ट्राफियां देकर सम्मानित किया गया। श्री विश्वकर्मा लाइब्रेरी की टीम जम्मू शहर के त्रिलोकपुर इलाके में एक बीपीएल परिवार के घर मदद के लिए पहुंची। टीम की ओर से उनके छोटे बेटे की एडमिशन फीस के लिए आर्थिक सहायता राशि दी गई व परिवार को विश्वकर्मा पत्रिका, कैलेंडर और कापियां भेंट की गई। इसी तरह का एक और शिविर गांव घैंक में लगाया गया, जिसमें मैगजीन, कैलेंडर व कापियां वितरण और बच्चों को सम्मानित किया गया। टीम में ओम कटारिया, जोगिंदर अंगोत्रा शामिल थे। लाइब्रेरी के इंचार्ज जोगिंदर अंगोत्रा ने बताया कि अब तक हम तीन सौ से अधिक विद्यार्थियों को व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ चुके हैं।

# दुनिया में मौजूद है हिमयुग का सबसे बड़ा पेड़




**अमेरिका।** फिशलेक नेशनल फॉरेस्ट में मौजूद पैंडो ट्री दुनिया का सबसे भारी सबसे बड़ा और सबसे पुरानी जीवित प्रणाली माना जाता है। पैंडो दिखने में हजारों पेड़ों का झुंड लगता है लेकिन ये सभी पेड़ एक ही जड़ से जुड़े हुए हैं। वैज्ञानिकों ने यह खोज की कि इन सबका जीन एक जैसा है यानी यह पूरा झुंड असल में एक ही पेड़ का हिस्सा है। इसे क्लोनल कॉलोनी कहा जाता है, जो जमीन के नीचे फैली अपनी विशाल जड़ों से नए तने उगाता है।

क्वेकिंग एस्पेन यानी पैंडो की एक जड़ से अब तक 47,000 अलग अलग पेड़ों का जन्म हुआ है जो कि अब तक पूरा जंगल बना चुके हैं। यह पेड़ अपने आप में इसलिए भी अनूठा है क्योंकि इसके क्रोमोसोम ट्रिपलेट्स का जीनोम अपनी प्रजाति के दूसरे सदस्यों के साथ मिलता ही नहीं है। इस वजह से पौधे का प्रजनन अलैंगिक क्लोनों तक सीमित हो जाता है और वे पर्यावरण में अपनी जड़ें आसानी से जमाए रखते हैं। पैंडो का कुल वजन लगभग 60 लाख किलोग्राम है और इसकी अनुमानित उम्र 80,000 साल तक मानी जाती है। यहां के सैकड़ों नमूनों की जांच के बाद वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि यह 106 एकड़ में फैला हुआ है और इसकी शुरूआत हिमयुग के अंत से बहुत पहले हुई होगी।

# पहलगाम हमले के बाद घटे वैष्णो देवी के श्रद्धालु

**कटरा।** जारी वर्ष के जुलाई माह तक मां वैष्णो देवी के दरबार में 48.86 लाख श्रद्धालु पहुंचे हैं। इस वर्ष की शुरूआत में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ, अप्रैल में पहलगाम में हुए आतंकी हमले और मई में भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध ने मां वैष्णो देवी की यात्रा को बड़ा झटका दिया है। परिणामस्वरूप पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष जुलाई तक श्रद्धालुओं की संख्या में काफी कमी आई है। इस वर्ष जुलाई तक 48,86,680 श्रद्धालुओं ने वैष्णो देवी की यात्रा की। जबकि पिछले वर्ष 2024 में इसी अवधि के दौरान 59,12,372 श्रद्धालु वैष्णो देवी के भवन पहुंचे थे। 2024 की तुलना में इस वर्ष जुलाई तक 10,25,692 कम श्रद्धालु मां वैष्णो देवी के दरबार पहुंचे हैं।



## मुंबई देश का सबसे महंगा शहर

**मुंबई।** दुनिया में रहन-सहन और विलासिता की वस्तुओं पर खर्च करने के मामले में सिंगापुर सबसे महंगा शहर है, जबकि दूसरे स्थान पर लंदन है। स्विस वेल्थ मैनेजर जूलियस बेयर समूह ने वार्षिक रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार सूची में जारी देशों में भारत से मुंबई सबसे खचीर्ला वाला शहर है, जो 20वें स्थान पर है। पिछले साल भी वह इसी रैंकिंग पर था।

## कांच गिरने से 2 मजदूरों की मौत

**मुंबई।** वसई नायगांव पूर्व के बफाने क्षेत्र स्थित एक ग्लास फैक्ट्री में काम करने वाले दो मजदूरों के ऊपर अचानक कांच की सीट गिर जाने से दोनों की मौत हो गई। संभाजी इंडस्ट्री स्थित राड़ाजी ग्लास प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी हैं। कंपनी में काम करने वाले मजदूर कशिश समर बहादुर यादव व अकरम अख्तर अली खान कांच की सीट लेकर जा रहे थे। अचानक 50 पीस कांच की लीड कशिश यादव व अकरम खान के शरीर पर गिर गया।

## दो करोड़ से खरीदेंगे फर्नीचर

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में नए ट्रेड शुरू किए जा रहे हैं। ऐसे में विद्यार्थियों के बैठने के लिए फर्नीचर की व्यवस्था की जाएगी। कुल 1.76 करोड़ रुपये व्यावसायिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए गए हैं।

## ब्यास नदी में बह गई लकड़ी

**शिमला।** पौंग बांध में पंडोह डैम से बह कर आई बेशकीमती लकड़ी बांध से पानी छोड़े जाने के कारण ब्यास नदी में बहकर चली गई। झील में कायल, देवदार की बेशकीमती लकड़ी के स्लीपर बहकर आए थे, जिनको न तो वन्य प्राणी विभाग ने खुद अपने कब्जे में लिया और न ही स्थानीय लोगों को लकड़ी पकड़ने दी गई।

## पटरी पर लौटी प्लाईवुड इंडस्ट्री

**यमुनानगर।** मानकपुर व मंडौली की मंडियों में लकड़ी आने से प्लाईवुड इंडस्ट्री को काफी राहत मिली है। कांवड़ यात्रा के चलते लकड़ी मंडियों को बंद कर दिया गया था, जिससे फैक्ट्रियों को प्लाई तैयार करने के लिए पर्याप्त लकड़ी नहीं मिल रही थी। इस दौरान प्लाईवुड का उत्पादन 30 प्रतिशत तक कम हुआ। अब धीरे-धीरे प्लाईवुड इंडस्ट्री अपनी पटरी पर लौट रही है। कांवड़ यात्रा के दौरान इस बार ज्यादातर प्लाईवुड फैक्ट्रियों को बंद करने की नौबत नहीं आई। क्योंकि इस बार फैक्ट्रियों में लकड़ी आती रही।

# समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर विश्वकर्मा समाज को मिलेगा सम्मान

**शिव प्रकाश विश्वकर्मा @ प्रयागराज**

अखिल भारतीय शिल्पकार महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, यूपी के पूर्व शिक्षा मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा ने कहा कि यूपी में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर विश्वकर्मा समाज का विकास होगा और समाज को सम्मान व हिस्सेदारी मिलेगी।

हरिश्चन्द्र वाटिका, मनौरी में आयोजित विश्वकर्मा सम्मेलन में सपा के राष्ट्रीय सचिव रामआसरे विश्वकर्मा ने कहा कि विश्वकर्मा के सभी वर्गों लोहार, बढ़ई, सोनार, कसेरा व शिल्पकार को मिलाकर 7.5 प्रतिशत आबादी है। इतनी बड़ी आबादी वाला विश्वकर्मा समाज को राजनैतिक हिस्सेदारी, सामाजिक सम्मान और आर्थिक विकास से उपेक्षित कर दिया गया, जिससे विश्वकर्मा समाज लगातार पिछड़ता चला गया।

उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार विश्वकर्मा समाज विरोधी काम करके विश्वकर्मा समाज की पहचान मिटा रही है। बीजेपी की सरकार ने विश्वकर्मा पूजा की सार्वजनिक छुट्टी को निरस्त कर विश्वकर्मा समाज का अपमान किया गया। बीजेपी सरकार ने विश्वकर्मा स्कीम चलाई




जिसमें 18 अति पिछड़ी जातियों लोहार, बढ़ई, सुनार, कुम्हार, नाई, मोची, दर्जी आदि को टूल किट्स दिया ताकि इस वर्ग के लोग मजदूरी कर सके। सवाल यह है कि इस वर्ग के नौजवान अधिकारी कब बनेंगे। पिछड़ी जाति के नौजवान डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, जज, प्रोफेसर कब बनेंगे। सरकार ने पिछड़ी जातियों के लिये शिक्षा रोजगार और बड़ी नौकरियों का रास्ता बंद कर दिया। सरकार की पिछड़ी जातियों को केवल मजदूर बनाने की योजना है।

कार्यक्रम को शिवशंकर वर्मा पूर्व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, कृष्ण प्रसाद विश्वकर्मा पूर्व जिलाध्यक्ष कौशांबी, रामनिरंजन विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष प्रयागराज, अनिल विश्वकर्मा जिला महासचिव, प्रेमनाथ विश्वकर्मा जिलाध्यक्ष फतेहपुर, रमाकांत विश्वकर्मा एडवोकेट नगर अध्यक्ष, डॉ. बंशराज विश्वकर्मा जिला अध्यक्ष, विश्वकर्मा ब्रिगेड प्रयागराज, शिवशंकर विश्वकर्मा, केशव विश्वकर्मा, पंकज, मनु विश्वकर्मा, अमित विश्वकर्मा, संदीप विश्वकर्मा, समीर विश्वकर्मा, सुमित विश्वकर्मा, ओम नारायण विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, अशोक विश्वकर्मा, रामनारायण विश्वकर्मा, चुन्नू लाल विश्वकर्मा, सीताराम विश्वकर्मा, अरुण कुमार शर्मा, इन्द्रपाल विश्वकर्मा, प्रवीण विश्वकर्मा, दिनेश विश्वकर्मा आदि ने अपना विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन श्रीचन्द्र विश्वकर्मा ने किया।

# फर्नीचर पर ब्रिटेन में कोई शुल्क नहीं

**नई दिल्ली।** भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते होने के बाद अब कारोबार और रोजगार के लिहाज से दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा होंगे। भारत के लिहाज से देखा जाए तो किसानों, श्रमिकों और निर्यातकों का सबसे अधिक लाभ होगा। समझौते से जुड़ी शर्तों के तहत समुद्री उत्पादों, चमड़ा, रत्न-आभूषण, फर्नीचर, खेल सामग्री, टेक्सटाइल एवं परिधान, केमिकल्स और बेस मेटल्स जैसे उत्पादों पर ब्रिटेन में लगाने वाला आयात शुल्क शून्य हो जाएगा, जिससे भारत के निर्यातकों के लिए सस्ती दरों पर अपने उत्पादों को यूके के बाजार में बेचने का अवसर उपलब्ध होगा। भारत में यूके की कारें, व्हिस्की, कपड़े और फुटवियर समेत अन्य सामान सस्ते होंगे। मुक्त व्यापार समझौते से श्रम-प्रधान क्षेत्रों को बड़ा लाभ मिलने की संभावना है। एमएसएमई द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पादों की यूके से जुड़े बाजारों में शून्य शुल्क के साथ पहुंच मिलेगी। इनमें वस्त्र- परिधान, चमड़ा और जूते, रत्न- आभूषण, फर्नीचर और खेल सामग्री समेत अन्य उत्पाद तैयार करने वाले क्षेत्र शामिल है। इन सभी पर अब यूके में आयात शुल्क शून्य होगा।



## हार्डवेयर व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**छपरा।** एकमा थाना क्षेत्र के हंसराजपुर गांव में हार्डवेयर व्यवसायी की अज्ञात अपराधियों ने गोली मार हत्या कर दी। मृतक की पहचान हंसराजपुर निवासी रोशन सिंह के रूप में हुई है। वह छपरा-सीवान मुख्य मार्ग पर स्थित महावीर हार्डवेयर नामक दुकान चलाते थे। परिजनों के अनुसार रात को दुकान बंद करने के बाद वह घर लौटे ही थे कि किसी ने फोन कर बाहर बुलाया। बाहर निकलते ही अज्ञात अपराधियों ने पेट में गोली मार दी और फरार हो गए।

# एक दूसरे का हाथ थामे दिखे विजय और रश्मिका

रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा का लेटेस्ट वीडियो इंटरनेट पर आते ही फैन्स एक बार फिर उनके अफेयर की चर्चा कर रहे हैं। रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा भारत के टॉप एक्टर्स में से एक हैं। अपने सफल एक्टिंग करियर के साथ साथ यह कपल अपने रिश्ते की अफवाहों के चलते भी सुर्खियों में रहता है। हाल ही में एक कार्यक्रम में रश्मिका और विजय को मैनहट्टन की सड़कों पर हाथ पकड़े घूमते हुए देखा गया। न्यूयॉर्क में 43वें भारत दिवस परेड



का एक वीडियो सोशल मीडिया पर धूम मचा रहा है जिसमें रूमर्ड कपल मैनहट्टन की सड़कों पर हाथ पकड़े घूमते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनकी पर्सनल लाइफ ने तब से इंटरनेट यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। फैन्स ने कैद किए गए इन प्यारे मोमेंट्स पर अपने रिएक्शन दिए। इस इवेंट के बाद से सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके वीडियो को अलग अलग तरह से एडिट कर वायरल कर दिए। इन वीडियो पर लोगों के बहुत सारे कमेंट्स देखने को मिले।

# जान्हवी ने कहा हर दिन बोलूंगी भारत माता की जय



जान्हवी कपूर ने जन्माष्टमी इवेंट में भारत माता की जय का नारा लगाया, जिसके बाद वह सोशल मीडिया पर ट्रोल हो गईं। अब जान्हवी कपूर ने ट्रोल करने वालों को करारा जवाब दिया है। जान्हवी जन्माष्टमी के दही हांडी समारोह में शामिल हुईं, जहां उन्होंने नारियल से मटकी फोड़ी और भारत माता की जय का नारा लगाया। इसके बाद सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने उनका मजाक बनाया। यूजर्स ने कहा कि जाह्नवी ने जन्माष्टमी को स्वतंत्रता दिवस समझ लिया है। जान्हवी के जयकारे वाले वीडियो को सोशल मीडिया यूजर्स ने मीम बना दिया। इस मामले पर जान्हवी कपूर ने अब ट्रोल्स को करारा जवाब दिया है। जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर जन्माष्टमी का पूरा वीडियो शेयर किया और लिखा कि आपके लिए पूरा वीडियो। इवेंट में लोगों ने भी भारत माता की जय का नारा लगाया था, अगर उनके बोलने के बाद नहीं बोलती तो प्रॉब्लम और बोलो तो भी वीडियो को मीम मटिरियल के तौर पर यूज करते हो। वैसे सिर्फ जन्माष्टमी के दिन नहीं, मैं रोज बोलूंगी भारत माता की जय।



# 'मैं बहुत रोमांटिक हूं'

मलाइका अरोड़ा की उम्र 50 साल के करीब है, लेकिन उनकी फिटनेस और खूबसूरती किसी नई नवेली हीरोइन की तरह है। वे फिलहाल अपनी लव लाइफ की वजह से सुर्खियों में हैं। उनका पिछले साल ही अर्जुन कपूर से ब्रेकअप हुआ था। अब उनकी दूसरी शादी की चर्चा है। मलाइका अरोड़ा ने 1998 में अरबाज खान से शादी की थी। कपल ने शादी के 18 साल बाद अपना रिश्ता खत्म कर लिया और 2017 में तलाक ले लिया। मलाइका से अलग होने के बाद अरबाज खान ने शौरा खान से शादी कर ली। लेकिन मलाइका अरोड़ा दूसरी शादी के सवाल को टालती रहीं। मलाइका अरोड़ा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि वे दूसरी शादी के आइडिया के खिलाफ नहीं हैं। मलाइका अरोड़ा की शादी के वक्त उनकी उम्र 25 साल थी। जब उनसे पूछा गया कि क्या आप दोबारा शादी करेंगी, तो वे बोलीं, 'कभी न मत कहो। जैसे मैंने कहा- मैं बहुत रोमांटिक हूं। मुझे प्यार पर विश्वास है। मुझे प्यार की हर एक चीज पर यकीन है। इसलिए, कभी मना मत करो। अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद फैंस हैरान है कि मलाइका अभी भी प्यार को तवज्जो दे रही हैं। अर्जुन कपूर से ब्रेकअप के बाद मलाइका का नाम किसी शख्स के साथ नहीं जुड़ा। पिछला साल उनके लिए काफी बुरा था। अर्जुन कपूर से सिर्फ उनका ब्रेकअप ही नहीं हुआ था, उनके पिता का भी देहांत हो गया था। दूसरी ओर मलाइका के एक्स हसबैंड अपनी दूसरी पत्नी शौरा खान से पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं।

# आई लव यू रानी

अक्षरा सिंह भोजपुरी सिनेमा की हॉट और खूबसूरत एक्ट्रेस हैं, कहा जाता है कि यह बिना सुपरस्टार के ही फिल्म को अपने अकेले के कंधों पर हिट कराने का दम रखती हैं। अक्षरा



सिंह और खेसारी लाल यादव का एक पुराना वीडियो इन दिनों वायरल हो रहा है। खेसारी लाल यादव और अक्षरा सिंह की हॉट केमिस्ट्री और दिलकश अंदाज दर्शकों को दीवाना बना रहा है। भोजपुरी गाना आई लव यू रानी के वीडियो में दोनों स्टार का रोमांस लोगों को खूब पसंद आ रहा है। गाने में दोनों की हॉट केमिस्ट्री हर किसी को दीवाना बना रही है। अक्षरा सिंह अपने दमदार डांस और कातिलाना अंदाज से सभी को लुभा रही हैं। आई लव यू रानी का गाना बेहद मजेदार है। जिसने एक वक्त में काफी चर्चा बटोरी थी और अब फिर से बटोरी है। गाने में खेसारी लाल यादव और अक्षरा सिंह के बोल्ड रोमांस ने हर किसी को दीवाना बना दिया है। भोजपुरी फिल्म साथिया का हिट गाना आई लव यू रानी है, जो इन दिनों हर किसी को खूब पसंद आ रहा है।

# उर्फी जावेद को लगी चोट

अभिनेत्री और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर उर्फी जावेद एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार वजह उनका फैशन या कोई विवाद नहीं, बल्कि उनकी हाल ही में लगी चोट है। उर्फी ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ पोस्ट किए हैं, जिनमें उनके चेहरे पर चोट साफ दिखाई दे रही है। हालांकि उन्होंने इसे मजाकिया अंदाज में लिया, लेकिन फैंस इस पर चिंता जता रहे हैं।

इस तस्वीर के साथ उर्फी ने लिखा, कैट पेरेंट्स, क्या आप रिलेट कर सकते हैं? मैं सिर्फ सोफे पर बैठी हुई थी और मेरी कैट अचानक से आई और मुझे नोच लिया (गलती से)। अपने बयान से उर्फी ने साफ किया कि चोट जानबूझकर नहीं, बल्कि उनकी पालतू बिल्ली के पंजे से गलती से लगी है। इसके बाद



उर्फी ने एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें वह कैमरे की ओर जूम करती हैं और अपनी आंख के नीचे लगी चोट को करीब से दिखाती हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि पंजे के निशान गहरे हैं और त्वचा लाल पड़ गई है। हालांकि उर्फी ने इस पूरी घटना को हंसते हुए शेयर किया, लेकिन उनके फॉलोअर्स को यह देखकर चिंता जरूर हुई।

# रणवीर शौरी ने मेहनत और टैलेंट से बनाया हिंदी सिनेमा में खास मुकाम

हिंदी सिनेमा के चमकते सितारों में कुछ ही ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और बेमिसाल प्रतिभा से बॉलीवुड और टेलीविजन की दुनिया में अनूठा मुकाम हासिल किया है। रणवीर शौरी एक ऐसा नाम है, जिन्हें अपनी अभिनय शैली, बेजोड़ हास्य और किरदारों को जीवंत करने की कला के लिए जाना जाता है।

18 अगस्त 1972 को पंजाब के जालंधर में जन्मे रणवीर ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा और हर किरदार में जान फूंकने की अद्भुत क्षमता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया है। चाहे हास्य हो, गंभीर भूमिका हो या फिर भावनात्मक दृश्य, रणवीर ने हर बार स्क्रीन पर अपनी एक्टिंग का जादू बिखेरा है। रणवीर ने अपने करियर की शुरूआत 1997 में एक वीजे (वीडियो जॉकी) के रूप में की। उन्होंने 1998 में टीवी शो 'ओए' से अभिनय की शुरूआत की और बाद में 'द ग्रेट इंडियन कॉमेडी शो' और 'रणवीर विनय और कौन' जैसे शो में होस्ट के रूप में लोकप्रियता हासिल की।



टीवी के बाद रणवीर ने फिल्मों का रुख किया और उनकी पहली फिल्म 'एक छोटी सी लव स्टोरी' (2002) थी, जो बॉक्स ऑफिस पर सफल रही। इसके बाद उन्होंने 'जिस्म' (2003), 'लक्ष्य' (2004), 'खोसला का घोसला' (2006), 'भेजा फ्राय' (2007), 'सिंह इज किंग' (2008), 'चांदनी चौक टू चाइना', 'एक था टाइगर' (2012), 'सोनचिड़िया' (2019), और 'टाइगर 3' (2023) जैसी फिल्मों में अलग-अलग भूमिकाएं निभाईं, जिनमें उनकी एक्टिंग को दर्शकों ने खूब सराहा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक-गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा 306, दिघे नगर को आप हाउसिंग सोसायटी, फितवाला रोड, एलफिन्स्टन (वेस्ट), मुंबई-40013 से प्रकाशित एवं एस आर पब्लिकेशन, मोहन अर्जुन कम्पाउंड, गाला नम्बर-8, 9, 10, घर्टनपाढा, वैशाली नगर लास्ट बस स्टॉप, नियर भारत गैस गोडाउन, दहिसर (ईस्ट), मुंबई- 400068 से मुद्रित। संपादक - गंगाराम श्रीराम विश्वकर्मा* RNI NO. MAHHIN/2005/16460 मो. 09320566633. (सभी विवादों का निपटारा न्यायक्षेत्र केवल मुंबई न्यायालय के अधीन होगा. *पी. आर. बी. अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# भगवद गीता हुआ हाईटेक, क्यूआर कोड करते ही मिलेगी श्लोक थेरेपी

**मुंबई।** भगवद गीता के श्लोक जीवन की विभिन्न समस्याओं का समाधान प्रदान करते हैं। इन श्लोकों में कर्म, ज्ञान, भक्ति और त्याग जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया है, जो व्यक्ति को शांति, खुशी और सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं।



डिजिटल के दौर में भगवद गीता अब हाईटेक हो गई है। हाईटेक भगवद गीता और क्यूआर कोड मिलकर एक ऐसा डिजिटल द्वार खोलते हैं जिसके पार हर श्लोक और उसमें समाहित ज्ञान को जीवन में उतारने का मार्ग स्वयं श्रीकृष्ण सुझाते हैं। इस भगवद गीता को आधुनिक डिजिटल तकनीक से इस तरह डिजाइन किया गया है कि बड़ों से लेकर बच्चे तक श्रीकृष्ण के ज्ञान को प्रासंगिक तरीके से समझ सकते हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर इस अनूठी पहल भगवद् गीता फॉर ऑल का उद्घाटन फिल्म अभिनेता सुनील शेट्टी ने किया। शेट्टी ने भगवद गीता के श्लोकों को उद्धरण करते हुए भगवद् गीता फॉर ऑल को मानसिक शक्ति के एक उपकरण बताया और कहा कि मन उस व्यक्ति का सबसे अच्छा मित्र है जिसने उस पर विजय प्राप्त कर ली है।

भगवद् गीता फॉर ऑल 29 वर्षीय उद्यमी और सीईओ पृथ्वीराज शेट्टी द्वारा स्थापित एक आस्था-तकनीकी प्लेटफॉर्म है जो एक सुंदर सचित्र पुस्तक को क्यूआर कोड के साथ जोड़ता है, जिससे एक इमर्सिव ऐप अनुभव प्राप्त होता है। इस ऐप में सभी भगवद् गीता श्लोकों के विस्तृत वीडियो के साथ-साथ आपके व्यक्तिगत, पारिवारिक और व्यावसायिक जीवन में शिक्षाओं को कैसे लागू किया जाए, इसके लिए वीडियो पाठ भी शामिल हैं। पृथ्वीराज में कहा कि कि कई सफल उद्यमियों से मिलकर जाना कि लोग सफल हैं, लेकिन खुश नहीं है। गीता में हर चिंता का समाधान है, लोग घरों में रखते हैं लेकिन पढ़ नहीं पाते। हमें विचार आया कि क्यों नहीं गीता को तकनीक की मदद से ओटीटी की तरह उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद तीन वर्ष इस पर रिसर्च और काम के बाद लांच किया है। इस टेक मूवमेंट ने गीता को इंटरेक्टिव गुरु बना दिया है, जिससे आप अपनी सहूलियत और समय के मुताबिक कठिन समय में जीवन का मार्ग पा सकते हैं।

# लोढ़ा फाउंडेशन ने गणित विज्ञान संस्थान की शुरूआत की




**मुंबई।** लोढ़ा फाउंडेशन की ओर से लोढ़ा मैथमेटिकल साइंसेज इंस्टीट्यूट का शुभारंभ हुआ। इस संस्थान का उद्देश्य विश्वस्तरीय गणितज्ञों को एकजुट कर मौलिक सोच और नवीनता को बढ़ावा देना है। लोअर परेल स्थित लोढ़ा वर्ल्ड टॉवर में लोढ़ा डेवलपर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी व प्रबंध निदेशक अभिषेक लोढ़ा ने कहा कि लोढ़ा मैथमेटिकल साइंसेज इंस्टीट्यूट का उद्देश्य दुनियाभर के गणित शोधकताओं को एक साथ लाना और उन्हें सहयोगपूर्ण व गुणवत्तापरक वातावरण उपलब्ध कराना है। यह देश का पहला निजी वित्तपोषित गणित अनुसंधान संस्थान है, जिसे लोढ़ा फाउंडेशन ने स्थापित किया है। पिछले वर्ष लोढ़ा परिवार ने इस फाउंडेशन को लगभग 20,000 करोड़ रुपये का कोष दिया था।

उन्होंने कहा कि कंपनी के रूप में हमारी सफलता का देश के विकास में समग्र योगदान होना चाहिए, यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इसी पृष्ठभूमि में पिछले वर्ष परिवार ने कंपनी के लगभग पांचवें हिस्से का स्वामित्व लोढ़ा फाउंडेशन को देने का निर्णय लिया। किसी भी राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए मौलिक विचार और नवाचार को प्रोत्साहन देना आवश्यक है। यही इस गणित विज्ञान संस्थान का मूल उद्देश्य है। यह संस्थान गणित के मूलभूत और अनुप्रयुक्त अनुसंधान को बढ़ावा देगा और वैश्विक स्तर के शोधकताओं को आकर्षित कर नई बौद्धिक क्षितिजों का निर्माण करेगा। लोढ़ा फाउंडेशन के प्रमुख मार्गदर्शक आशीष कुमार सिंह ने कहा कि आज लगभग हर तकनीकी प्रगति की नींव गणित है, चाहे क्रिप्टोग्राफी हो, साइबर सुरक्षा, युद्धकला या कृत्रिम बुद्धिमत्ता हो। संस्थान का नेतृत्व प्रसिद्ध गणितज्ञ डॉ. वी. कुमार मूर्ति करेंगे। डॉ. मूर्ति ने कहा कि भारत के प्राचीन इतिहास में कई महान गणितज्ञ हुए हैं, जिन्होंने ऐसे मूलभूत सिद्धांत दिए जिनसे आज की दुनिया निर्मित हुई। इस अवसर पर कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा, लोढ़ा फाउंडेशन की ट्रस्टी मंजू लोढ़ा भी मौजूद रहीं।

# धार्मिक विरासत देखने के लिए पर्यटन जरुरी

**मुंबई।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि पर्यटन से हमें भारत की धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत को देखने और समझने का अवसर मिलता है। बीकेसी स्थित जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में टीटीएफ मुंबई 2025 के उद्घाटन अवसर पर उन्होंने कहा कि यह मंच लोगों, विचारों और अवसरों को जोड़ने का एक महत्वपूर्ण जरिया है, जो हमारे देश की विविधता को भी दर्शाता है। राजस्थान के पर्यटन के लिए यह हमारी समृद्ध विरासत, जीवंत संस्कृति, रंग-बिरंगे त्योहार, वन्यजीव, स्वास्थ्य केंद्र और पाक परंपराओं को बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचाने का एक शानदार मौका है। टूरिज्म यूनिट पॉलिसी और आने वाली फिल्म पॉलिसी के जरिए हम राजस्थान को न केवल यात्रियों के लिए बल्कि दुनिया भर के फिल्म निर्माताओं के लिए भी पसंदीदा गंतव्य बनाना चाहते हैं। फेयरफेस्ट मीडिया के चेयरमैन संजीव अग्रवाल ने कहा कि टीटीएफ मुंबई 2025 दिवाली से पहले व्यवसाय और सहयोग के लिए एक नियमित मंच बनेगा। इस अवसर पर राजेश यादव प्रधान सचिव पर्यटन राजस्थान, क्षेत्रीय निदेशक इंडिया टूरिज्म मुंबई पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार भी उपस्थित थे।

# दिव्यांग बच्चों को दिया व्हीलचेयर

**मुंबई।** शांता सिद्धि चैरिटेबल ट्रस्ट के 7 वें वर्धापन दिवस के अवसर संस्था अध्यक्ष वरिष्ठ न्यूरोस्पाइनल सर्जन डा.पी.एस.रमानी ने कहा कि नौनिहाल इस देश के भावी भविष्य हैं, भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए हर बच्चे को शिक्षा जरूरी है। दादर ( पूर्व ) इंडियन एजुकेशन सोसायटी के नाबार गुरूजी असेंबली हॉल में आयोजित समारोह में डा. रमानी ने कहा कि गरीबी में बच्चों की प्राथमिक शिक्षण भी सही ढंग से नहीं हो पाता। समाज को इस दिशा में जागरूकता के साथ काम करने की जरूरत है। संस्था के मानद सचिव भूषण जैक ने कहा कि ट्रस्ट ने अब तक बाल व वयस्क दिव्यांगजनों को 72 व्हीलचेयर प्रदान की है, जिनमें से अधिकांश अखिल भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास संस्थान केंद्र और महाराष्ट्र के अन्य हिस्सों से आए मरीज हैं। ट्रस्ट 100 व्हीलचेयर प्रदान करने का लक्ष्य प्राप्त करने की योजना बना रहा है। उन्होंने संस्था के गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था की ओर से दिव्यांग क्रिकेट टूर्नामेंट, मधुमेह जांच शिविर, लोकमान्य तिलक नगर परिषद विद्यालय, नांगरगाँव के विद्यार्थियों को रेनकोट, नोटबुक, टिफिन बॉक्स, पानी की बोतलें, कंपास बॉक्स और विद्यालय को लैपटॉप, सीलिंग फैन, पानी के जार प्रदान की गई। समारोह की मुख्य अतिथि अखिल भारतीय भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास केंद्र मुंबई की एमएसडब्ल्यू विभागाध्यक्ष अंजना नेगलूर ने दिव्यांगजनों को सहयोग प्रदान करने के लिए शांता सिद्धि चैरिटेबल ट्रस्ट की सराहना करते हुए कहा कि सामाजिक उत्थान में सामाजिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।






Zubaan Ke पक्के ReWards
कारपेंटर भाइयो के लिए ऑफर
EURO 7000 Wood Adhesive
15 Rs/- टोकन / पाउच + 1 पॉइंट / पाउच
25 Rs/- टोकन / पाउच + 2 पॉइंट्स / पाउच
सिर्फ 210 Points पर पाइये
American Tourister Trolley Bag Worth ₹ 8,800/- अथवा Cutter Machine अथवा Drill Machine
अथवा
American Tourister Trolley Bag worth Rs. 8,800/-
Cutter Machine Or Drill Machine
पाइए Duffle Bag worth ₹3,800/- सिर्फ 70 Points में।
पाइए Bag + Water Bottle worth ₹3,350/- सिर्फ 100 Points में।
100 POINTS REDEEM करो और पाओ
Noise Colorfit Pulse Grand 3 Smart Watch Worth Rs. 6,999/-
पाइए Symphony Tower Fan worth ₹8,799/- सिर्फ 300 Points में।
SURROUND
Bladeless Turbo Throw TM (BLTT) Technology
Powerful 20ft Air Throw*
Swivel Action for Surround Air
Consumes 135 watts* only
स्कन करें और पाओ
GET IT ON Google Play
Available on the App Store
TERMS & CONDITIONS
* इस Offer का लाभ उठान क लिए "EURO7000 DIGITAL" Application Download करें और Points Scan करें।.
* यह ऑफर Limited Time क लिए ह।
* कपनी इस स्कीम को कभी भी बदलन या बद करन का अधिकार रखती है।
www.euroadhesives.com